# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 17.10.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆जनपदीय एण्टी थेफ्ट टीम व थाना शिवनगर डिड़ई पुलिस एवं सर्विलांस सेल की संयुक्त कार्यवाही में 24 घंटे के अंदर मोबाइल की दुकान में चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए दो आरोपियों को किया गया गिरफ्तार।**

**◆अभियुक्तगण के पास से 05 मोबाइल, 10 चार्जर, 25 ब्लूटूथ, 04 इयरफोन व 01 अवैध चाकू सहित अन्य इलेक्ट्रानिक सामान बरामद।**

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन, शुबेन्दु सिंह क्षेत्राधिकारी बांसी के कुशल पर्यवेक्षण में घटना से सम्बन्धित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु थाना शिवनगर डिड़ई पुलिस व एण्टी थेफ्ट/सर्विलांस की गठित टीम द्वारा दिनांक 15/16.10.2026 की रात्रि में अभियोग उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्तगण 1. दीपक पुत्र टिहुल 2. आकाश पुत्र टिहुल निवासीगण ग्राम भैसहिया थाना शिवनगर डिड़ई जनपद सिद्धार्थनगर को तेनुई पुलिया के पास से झोले मे एक अदद हेक्सा, एक अदद कैंची, एक अदद काली पन्नी मे तीन अदद पूरानी मोबाइल सैमसंग A34 बैगनी कलर ओप्पो मोबाइल, आई टेल सभी एन्ड्राएड व एक अदद नाजायज चाकू बरामद कर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियोग उपरोक्त में धारा 4/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी करते हुए, आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर आज दिनांक 17.10.2026 को माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

1.दीपक पुत्र टिहुल निवासी ग्राम भैंसहिया थाना शिवनगर डिड़ई जनपद सिद्धार्थनगर।

2.आकाश पुत्र टिहुल निवासी ग्राम भैसहिया थाना शिवनगर डिड़ई जनपद सिद्धार्थनगर।

**बरामदगी का विवरण-**

1-अभियुक्त दीपक पुत्र टिहुल निवासी ग्राम भैसहिया जनपद सिद्धार्थनगर के पास से बरामदगी-

01.03 अदद मोबाईल सैमसंग ,

02.एक अदद मोबाईल ओप्पो कम्पनी ,

03.एक अदद मोबाईल आईटेल कम्पनी

04.एक अदद हेक्सा ब्लेड,

05.एक अददकैंची

2-अभियुक्त आकाश पुत्र टिहुल निवासी ग्राम भैसहिया थाना शिवनगर डिड़ई जनपद सिद्धार्थनगर के पास से बरामदगी-

01.चार्जर 10 पीस ,
02.डाटा केबल 12 पीस,
03.ब्लूटूथ 25 पीस,
04.ईयर फोन 04 पीस
05.इंजेक्टर पिन 04 पैकेट ,
06.मोबाईल कवर 25 पीस
07.फ्लीप कवर 02 पीस,
08.एक अदद नाजायज चाकू

**अभियुक्त दीपक पुत्र टिहुल का आपराधिक इतिहास-**

01.मु0अ0सं0 46/2021 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर।
02.मु0अ0सं0 60/2021 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।
03.मु0अ0सं0 23/2024 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।
04.मु0अ0सं0 97/2025 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम थाना शिवनगर डिड़ई जनपद सिद्धार्थनगर
05.मु0अ0सं0-126/2025धारा 60(1) आबकारी अधिनियम थाना शिवनगर डिड़ई जनपद सिद्धार्थनगर

**अभियुक्त आकाश पुत्र टिहुल का आपराधिक इतिहास –**

01.मु0अ0सं0 332/2023 धारा 4/24 आर्मस एक्ट थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।
02.मु0अ0सं0 25/2026 धारा 305(a),317(2),331(4),बीएनएस थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर
03.मु0अ0सं0-31/2026 धारा4/24 आर्मसएक्ट व 305(a),317(2),331(4),बीएनएस थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर
04.मु0अ0सं0 08/2024 धारा 3(1)(घ),3(1)(द),3(2)(v),3(2)(va),एससी एसटी एक्ट व 379,411,436,504,506 भादवि थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर
05.मु0अ0सं0 01/2025 धारा 2(b)(i)3(1) यूपी गैंगेस्टर एक्ट थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर
06.मु0अ0सं0 63/2025 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

दिनांक 16.10.2026 की रात को एन्टी थेफ्ट टीम/सर्विलांस व थाना शिवनगर डिड़ई पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग व रात्रि गश्त के दौरान मुखवीर खास आकर बताया कि साहब एक व्यक्ति तेनुई पुलिया पर झोला लेकर बैठा है तथा किसी का इन्तजार कर रहा है जिसके पास एक नाजायज चाकू है। अगर आप लोग जल्दी करे तो पकडा जा सकता है। मुखवीर खास की इस सूचना पर विश्वास कर सूचना से हमराही

कर्मचारीगण को अवगत कराते हुए पुलिया पर पहुचकर घेराबन्दी कर पकड़ लिया गया नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम दीपक पुत्र टिहुल निवासी ग्राम भैसहिया थाना शिवनगर डिड़ई जनपद सिद्धार्थनगर बताया दीपक की तलाशी के दौरान उसके पास से झोले से तीन अदद मोबाईल सैमसंग ,एक अदद मोबाईल ओप्पो कम्पनी , एक अदद मोबाईल आईटेल कम्पनी तथा आकाश के पास से चार्जर 10 पीस ,डाटा केबल 07 पीस ,ब्लूटूथ 03 पीस ,ईयर फोन 04 पीस , इंजेक्टर पिन 04 पैकेट , मोबाईल कवर 25 पीस ,ब्लूटूथ 22 पीस ,डाटा केबल 05 पीस ,फ्लीप कवर 02 पीस बरामद किया गया सामान के बारे में पूछने पर बताया कि दिनांक 15.10.2026 की रात्रि में थाना शिवनगर डिड़ई  क्षेत्र के ग्राम बरहरपुर से चोरी किये थे।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

01-बृजेश सिंह थानाध्यक्ष थाना शिवनगर डिड़ई जनपद सिद्धार्थनगर।

02-उ0नि0 ओमप्रकाश मिश्र प्रभारी एण्टी थेफ्ट टीम जनपद सिद्धार्थनगर।

03-उ0नि0 शशिकान्त प्रभारी सर्विलांस सेल जनपद सिद्धार्थनगर।

04-उ0नि0 उदय सिंह, उ0नि0 एजाज अहमद थाना शिवनगर डिड़ई जनपद सिद्धार्थनगर।

05-हे0का0 अमित कुमार यादव, हे0का0 जनार्दन प्रजापति, हे0का0 रमेश कुमार, हे0का0 धर्मेन्द्र कुमार, का0 अभिनन्दन सिंह एण्टी थेफ्ट टीम जनपद सिद्धार्थनगर।

06-का0 शनि कुमार, का0 प्रमोद कुमार थाना शिवनगर डिड़ई जनपद सिद्धार्थनगर।

## प्रेस नोट दिनांक 17.10.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆साइबर फ्रॉड से सम्बंधित धनराशि ₹34,876/- को थाना मोहाना साइबर पुलिस टीम द्वारा कराया गया वापस।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में साइबर अपराध एवं साइबर क्राइम रिकवरी /लीन हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत श्री प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर(IPS) के कुशल पर्यवेक्षण में एवं थानाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में दिनांक-27.07.2026 को आवेदक मोहम्मद इमरान पुत्र मो0 असलम निवासी भगवानपुर खास थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर के द्वारा एनसीआपी पोर्टल के माध्यम से शिकायत संख्या-231072060144578 के माध्यम से बीजा देने के नाम पर हुए फ्राड के सम्बन्ध में शिकायत दर्ज कराया गया था । जिस पर थाना मोहाना साइबर सेल टीम , साइबर सेल सिद्धार्थनगर व बैंक के समन्वय से आवेदिका अंजली सिंह उपरोक्त को फ्राड धनराशि ₹34,876/- विभिन्न तिथियों में उनके खाते में वापस कराया गया।

**सराहनीय कार्य करने वाली साइबर टीम का विवरण-**

1. जितेन्द्र सिंह थानाध्यक्ष थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर
2. सर्वेश यादव प्रभारी साइबर सेल
3.उ0नि0 धर्मेन्द्र प्रसाद यादव
4.का0 नीरज कुमार गोंड
4.का0 धीरज कुमार खरवार
5.म0का0 रोमी तिवारी

# प्रेस नोट दिनांक 17.10.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆सिद्धार्थनगर एण्टी रोमियो स्क्वाड पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति 6.0 के अंतर्गत जनपद के भीड़-भाड़ आदि स्थानों पर मनचलों एवं शोहदों की चेकिंग की गयी।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में मनचलों एवं रोमियो के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 17.10.2026 को प्रभारी एण्टी रोमियो स्क्वॉड टीम /शक्ति मोबाइल द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत एण्टी रोमियो टीम द्वारा थानाक्षेत्र उसका बाजार के पकड़ी,उसका राजा, भिटिया बाजार , मदनपुर, सोहास, हाइड्रिल तिराहा, तेतरी बाजार ,सिद्धार्थ तिराहा आदि स्थानों पर महिलाओं और बच्चियों को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे 1090, 1098, 112, 181, 1930,108,102आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई व थाना क्षेत्र के आस-पास के मुख्य सड़को, चौराहों पर चेकिंग करते हुए महिला दुकानदारों से नियमित आए दिन चौराहों बाजारों आदि में अनावश्यक घूमने वाले शोहदों आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। चेकिंग के दौरान कोई अप्रिय बात नहीं रही।

**एण्टी रोमियों टीम का विवरण-**

01.महिला उ0निरीक्षक श्रीमती संजू यादव
02.महिला हेड कांस्टेबल मंजू मौर्या
03.महिला आरक्षी नेहा सिंह एंटी रोमियो स्क्वाड

# प्रेस नोट दिनांक 17.10.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व क्षेत्राधिकारी इटवा द्वारा पिंक समाधान दिवस/ मिशन शक्ति तहसील दिवस के अवसर पर तहसील इटवा पर जनसुनवाई किया गया।**

**◆समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।**

आज दिनांक 17.10.2026 को प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा जनपद सिद्धार्थनगर के तहसील इटवा पर पिंक समाधान दिवस/ मिशन शक्ति तहसील दिवस में जनसुनवाई किया गया ।जनसुनवाई के दौरान थाना क्षेत्र से आयी महिला / बालिकाओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया।महोदय द्वारा मिशन शक्ति के तहत प्राप्त प्रार्थना पत्रों का त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। उपस्थित महिलाओं / बालिकाओं को महिला सुरक्षा, साइबर अपराध, हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 1076, 1098 तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया। उक्त पिंक समाधान दिवस में क्षेत्राधिकारी इटवा पवीन प्रकाश , प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार दूबे थाना इटवा तथा पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# प्रेस नोट दिनांक 17.10.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆ उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ व क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा पिंक समाधान दिवस/ मिशन शक्ति तहसील दिवस के अवसर पर तहसील शोहरतगढ़ पर जनसुनवाई किया गया।**

**◆समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।**

आज दिनांक 17.10.2026 को उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा जनपद सिद्धार्थनगर के तहसील शोहरतगढ़ पर पिंक समाधान दिवस/ मिशन शक्ति तहसील दिवस में जनसुनवाई किया गया ।जनसुनवाई के दौरान थाना क्षेत्र से आयी महिलाओं / बालिकाओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया।महोदय द्वारा मिशन शक्ति के तहत प्राप्त प्रार्थना पत्रों का त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। उपस्थित महिलाओं / बालिकाओं को महिला सुरक्षा, साइबर अपराध, हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 1076, 1098 तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया। उक्त पिंक समाधान दिवस में प्रभारी निरीक्षक शेषमणि पाण्डेय थाना शोहरतगढ़ तथा पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# प्रेस नोट दिनांक 17.10.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के क्रम में थाना त्रिलोकपुर कम्युनिटी पुलिस टीम द्वारा कम्पोजिट विद्यालय बड़हरा बिशुनपुर विकास क्षेत्र भनवापुर के छात्र/छात्राओं को युवा साइबर जागरूकता व सेल्फ डिफेंस के संबंध मे जागरुक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में तथा प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं श्री बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल पर्यवेक्षण में, थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र थाना त्रिलोकपुर के निर्देशन में संचालित कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 17.10.2026 को थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर के कम्पोजिट विद्यालय बड़हरा बिशुनपुर विकास क्षेत्र भनवापुर में जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौरान कालेज में जाकर प्रधानाचार्य महोदय से संवाद कर मानक के अनुरूप बच्चों के आने जाने हेतु यातायात नियमों एवं आदेशों निर्देशों को अवगत कराया गया तथा बच्चों को सेल्फ डिफेंस के बारे में बताया गया।आवश्यक पुलिस सहायता हेतु सीपीयू टीम प्रभारी का मोबाइल नंबर प्रदान कराया गया। कॉलेज में एक चार पहिया वाहन मैजिक, वाहन संख्या यूपी 55 टी 8483 को चेक किया गया सब सही पाया गया। ड्राइवर कन्हैया को यातायात नियमों के आदेशों निर्देशों का पालन करने हेतु आवश्यक हिदायत दिया गया। प्रधानाचार्य व अध्यापकगणों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

**कम्युनिटी पुलिसिंग टीम थाना त्रिलोकपुर-**

**1.**उ0नि0 गणेश कुमार

2.हे0का0 अमरनाथ यादव

3.रि0म0आ0 रुचि

## प्रेस नोट दिनांक 17.10.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆ जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा पिंक समाधान दिवस/ मिशन शक्ति तहसील दिवस के अवसर पर तहसील बांसी पर जनसुनवाई किया गया।**

**◆समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।**

आज दिनांक 17.10.2026 को श्री शिवशरणप्पा जी0एन0 जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर व डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा तहसील बांसी पर पिंक समाधान दिवस/ मिशन शक्ति तहसील दिवस में जनसुनवाई किया गया ।जनसुनवाई के दौरान थाना क्षेत्र से आयी महिलाओं / बालिकाओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया ।महोदय द्वारा मिशन शक्ति के तहत प्राप्त प्रार्थना पत्रों का त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। उपस्थित महिलाओं / बालिकाओं को महिला सुरक्षा, साइबर अपराध, हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 1076, 1098 तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया। उक्त पिंक समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी बांसी , क्षेत्राधिकारी बांसी शुबेन्दु सिंह, प्रभारी निरीक्षक महेन्द्र प्रताप चतुर्व थाना शोहरतगढ़ तथा पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## प्रेस नोट दिनांक 17.10.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना मोहाना पुलिस, आबकारी विभाग व एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा 244 बोतल OLD MANK 750ML विदेशी मदिरा बरामद कर अन्तर्गत धारा 60 आबकारी अधिनियम में आबकारी विभाग सिद्धार्थनगर भेजा गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश पर एवं श्री प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन व श्री विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में श्री जितेन्द्र सिंह थानाध्यक्ष मोहाना के नेतृत्व में आज दिनांक 17.10.2026 को अपराध एवं अपराधियों व रोकथाम तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना मोहाना पुलिस, आबकारी विभाग व एसएसबी 66वीं वहिनी सीमा चौकी लीलाडिहवा द्वारा 244 बोतल OLD MANK 750ML विदेशी मदिरा को पिलर सं 543/34 ग्राम भुजौली के पास नो मैंस लैंड के पास झाड़ियों में बरामद कर शराब को अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु आबकारी विभाग सिद्धार्थनगर भेजा गया।

**गिरफ्तारी करने वाली टीम -**

01.आ0नि0सि0 अवनीश कुमार पाण्डेय आबकारी विभाग सिद्धार्थनगर।
02.आ0सि0 मधुसूदन सिंह, शिवेंद्रधर द्विवेदी आबकारी विभाग सिद्धार्थनगर।
03.उ0नि0 अशोक कुमार थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर।
04.मुख्य आरक्षी उमेश कुमार, आरक्षी किशन कुमार गुप्ता थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 17.10.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना शोहरतगढ पुलिस द्वारा नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व मंयक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ के कुशल पर्यवेक्षण शेषमणि पाण्डेय प्रभारी निरीक्षक थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत मु0अ0सं0 193/2026 धारा 137(2),87,64(2)m बी.एन.एस. व 5/6 पोक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त आदित्य गौड़ उर्फ शनि पुत्र लाल जी गौड़ निवासी कस्बा शोहरतगढ़ वार्ड नंबर 15 मोतीलाल नगर थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर उम्र करीब 22 वर्ष को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण:-**

1.आदित्य गौड़ उर्फ शनि पुत्र लाल जी गौड़ निवासी कस्बा शोहरतगढ़ वार्ड नंबर 15 मोतीलाल नगर थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण--**

01.उ0नि0 चन्द्रशेखर चौहान

2.हे0का0 प्रभाकर यादव, दिनेश यादव

# प्रेस नोट दिनांक 17.10.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना मोहाना मिशन शक्ति टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज 6.0 के तहत पति-पत्नि के बीच हुए परिवारिक विवाद को समझाबुझा कर समाप्त किया गया तथा एक साथ रहने हेतु राजी किया गया ।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान थानाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति के अन्तर्गत फीडबैक कार्यक्रम का आयोजन थाना मिशन शक्ति केंद्र पर मिशन शक्ति टीम की उपस्थिति में किया गया तथा मिशन शक्ति टीम द्वारा बताया गया कि कोई भी दिक्कत परेशानी होती है तो मिशन शक्ति केंद्र पर आकर या मिशन शक्ति केंद्र के सीयूजी नंबर 9454408262 पर अपनी समस्या को अवगत करा सकते हैं। काउंसलिंग के दौरान पुराने परिवारिक विवाद के अतिरिक्त ग्राम दुल्हा दरमियानी में पति- पत्नी का पारिवारिक विवाद की बात आई।जिसमें दोनों पक्षों को मिशन शक्ति केंद्र पर बुलाया गया l काउंसलिंग किया दोनों संतुष्ट पाए गए जिसमें दोनों पक्ष आपस में राजी खुशी साथ रहने का वादा किये ।

# प्रेस नोट दिनांक 17.10.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के तहत थाना मोहाना पुलिस द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम अवधापुर में जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन के आदेश के क्रम में तथा प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं विश्वजीत सौरयान के पर्यवेक्षण में, थानाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह उपस्थिति में संचालित कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 17.10.2026 को ग्राम अवधापुर थाना मोहाना,जनपद सिद्धार्थनगर में जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौरान लगभग 70 वर्षीय बुजुर्ग नागरिक एवं दिव्यांग जन सहित ग्रामवासियों के साथ बैठकर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं कुशल क्षेत्र के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। उपस्थित ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि उन्हें वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ नियमित रूप से प्राप्त हो रहा है तथा उनके परिवार में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। सभी लोग आपसी सौहार्द एवं प्रसन्नता के साथ जीवनयापन कर रहे हैं।इस अवसर पर ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया। ग्रामवासियों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

**कम्युनिटी पुलिसिंग टीम**

01.उ0 नि0 ओमप्रकाश यादव

02.हे0का0 आत्मानंद नायक

# प्रेस नोट दिनांक 17.10.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के तहत थाना कपिलवस्तु पुलिस द्वारा थानाक्षेत्र के अगया खुर्द में नशामुक्ति एवं साइबर अपराध के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के आदेश के क्रम में तथा प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं श्रीमान क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान के पर्यवेक्षण में थानध्यक्ष श्री विनय प्रताप सिंह के निर्देशन में संचालित कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 17.10.2026 को थाना कपिलवस्तु ,जनपद सिद्धार्थनगर के * अगया खुर्द में जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। सीपीयू के अंतर्गत नशामुक्ति एवं साइबर अपराध के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया। महिलाओं को नशामुक्ति एवं साइबर अपराध के सम्बन्ध में अवगत किया गया तथा उन्हें साइबर हेल्पलाइन नं 1930 के बारे में भी बताया गया।आवश्यक पुलिस सहायता हेतु सीपीयू टीम प्रभारी का नंबर भी प्रदान किया गया।लोगों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

**कम्युनिटी पुलिसिंग टीम**
उ0नि0 सुमेर यादव
आ0 राहुल शर्मा

# प्रेस नोट दिनांक 17.10.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के तहत थाना चिल्हिया पुलिस द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम संतोरा में नशामुक्ति एवं साइबर अपराध के तहत जागरूक कर तथा आवश्यक पुलिस सहायता हेतु सीपीयू टीम प्रभारी का नंबर भी प्रदान किया गया। ।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन  के आदेश के क्रम में तथा श्री प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं श्रीमान क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ श्री मयंक द्विवेदी महोदय के पर्यवेक्षण में, थानाध्यक्ष चिल्हिया पवन कुमार मौर्य के निर्देशन में संचालित कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 17.10.2026 को थाना चिल्हिया, जनपद सिद्धार्थनगर के ग्राम संतोरा में जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। सीपीयू के अंतर्गत नशामुक्ति एवं साइबर अपराध के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया। महिलाओं को नशामुक्ति एवं साइबर अपराध के सम्बन्ध में अवगत किया गया तथा उन्हें साइबर हेल्पलाइन नं 1930 के बारे में भी बताया गया। आवश्यक पुलिस सहायता हेतु सीपीयू टीम प्रभारी का नंबर भी प्रदान किया गया। लोगों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

**कम्युनिटी पुलिसिंग टीम**

01.उ0नि0 सुधाकर राय

02.का0 पंकज वर्मा।

03.म0का0 शालू, मनीता

# प्रेस नोट दिनांक 17.10.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**मिशन शक्ति फेज 6.0, नारी सुरक्षा, सम्मान, स्वालंबन के तहत थाना पथरा बाजार मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र की महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक किया गया।**

वरिष्ट पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन दिनांक 17/10/2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज बृजेश वर्मा थानाध्यक्ष जनार्दन प्रसाद के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिलाओं के सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु शारदीय नवरात्रि 2026 में मिशन शक्ति अभियान फेज 6.0 प्रचलित अभियान में दिनांक 17.10.2026 को स्पेशल पिंक समाधान दिवस/मिशन शक्ति तहसील दिवस का आयोजन कर उसमें महिलाओं की समस्याओं को मिशन शक्ति केंद्र पर बुलाकर सुना गया तथा किसी भी प्रकार कोई भी दिक्कत परेशानी होती है तो मिशन शक्ति केंद्र पर आकर या मिशन शक्ति केंद्र के सीयूजी नंबर 9454408298 पर अपनी समस्या को अवगत करा सकती है

**मिशन शक्ति टीम-**

01.थानाध्यक्ष श्री जनार्दन प्रसाद
02.उ0नि0 विजय कुमार सिंह
03.आ 0 सुदामा यादव
04.म0आ0 बबिता भारती. नूतन शर्मा

# प्रेस नोट दिनांक 17.10.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**मिशन शक्ति फेज 6.0, नारी सुरक्षा, सम्मान के तहत थाना उसका बाजार मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उसका बाजार की महिलाओं /बालिकाओं को पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 17/10/2026*को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत शौरयान तथा प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उसका बाजार थाना उसका बाजार में जाकर बालिकाओं /महिलाओं को सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे मे जैसे कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियानमुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनारानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला2 सम्मान कोषनारी शक्ति वंदन अधिनियममातृ शक्ति को सम्बलनिराश्रित महिला पेंशन योजनामुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि अन्य योजनाओ से संबंधी जानकारी दिया गया व जागरूक किया गया मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर □112, पुलिस आपातकालीन सेवा □1090, वूमेन पावर हेल्पलाइन □1076, माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन □108, एंबुलेंस सेवा □1930, साइबर अपराध हेल्पलाइन □1098, चाइल्ड हेल्पलाइन □102, स्वास्थ्य सेवा □181 वीमेन हेल्पलाइन □101अग्निशमन सेवा के बारे में जानकारी दी गई व जागरूक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम**

1.उप निरीक्षक राजनाथ यादव

2.महिला कांस्टेबल कालिंदी यादव

4.म0का खुशबू सिंह

# प्रेस नोट दिनांक 17.10.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**थाना कठेला समयमाता मिशन शक्ति टीम द्वारा मिशन शक्ति केन्द्र फेज-6.0 के तहत टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए पति-पत्नी में हुए पारिवारिक विवाद को सुलझाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विवाहित जोड़े को एक साथ रहने हेतु राजी किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर क्रम मे एवं प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण व मयंक द्विवेद्वी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के निर्देशन में महेन्द्र कुमार प्रभारी थानाध्यक्ष जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में आज दिनांक 17.10.2026 को आवेदिका श्रीमती तकरीबुन्निशा पत्नी अताउल्लाह ग्राम आलमनगर टोला बनकटवा थाना कठेला समयमाता जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा शिकायत किया गया था कि आवेदिका व उनके पति के बीच पारिवारिक बातों को लेकर कुछ कहा-सुनी हुआ था जिससे पति पत्नी के मध्य मनमुटाव हो गया था उभय पक्षों की मिशन शक्ति टीम द्वारा काउंसलिंग की गई (पति-पत्नी) को उनके आपसी रिश्ते , बच्चों के प्रति दायित्वों एंव पारिवारिक कर्तव्यों के बारे में अवगत कराया गया जिससे कि पुनः दोनो (पति-पत्नी) राजी-खुशी से साथ रहने के लिये तैयार हुए। अब दोनों पक्षों के मध्य कोई विवाद नही है विवाहित जोड़े (पति-पत्नी) को सकुशल एक साथ राजी-खुशी घर भेज दिया गया। उक्त पुलिस कार्यवाही की आम जनमानस द्वारा सरहाना की गयी।

**मिशन शक्ति केन्द्र टीम का विवरणः-**

01.हे0का0 कमलेश यादव

03.म0का0 खुशबू, अंजली चौधरी

# प्रेस नोट दिनांक 17.10.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**मिशन शक्ति फेज 6.0, नारी सुरक्षा, सम्मान के तहत थाना भवानीगंज मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम पिरैला सुल्तान की महिलाओं /बालिकाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं व हेल्पलाइन नम्बर व महिला अपराध, साइबर अपराध के सम्बन्ध में पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया गया।**

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 17/10/2026*को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी महोदय डुमरियागंज बृजेश कुमार वर्मा तथा थानाध्यक्ष विजय शंकर सिंह के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत ग्राम पिरैला सुल्तान में जाकर महिलाओं बालिकाओं को जागरूक किया गया तथा मिशन शक्ति व बहू/बेटी कार्यक्रम के सम्बन्ध में महिलाओं/बालिकाओं को मिशन शक्ति के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे मे जैसे कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियानमुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनारानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोषनारी शक्ति वंदन अधिनियममातृ शक्ति को सम्बलनिराश्रित महिला पेंशन योजना मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि अन्य योजनाओ से संबंधी जानकारी को बताया गया। व जागरूक किया गया मिशन शक्ति फेज 6.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 112, पुलिस आपातकालीन सेवा □1090, वीमेन पावर हेल्पलाइन □1076, माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन □108, एंबुलेंस सेवा □1930, साइबर अपराध हेल्पलाइन □1098, चाइल्ड हेल्पलाइन □102, स्वास्थ्य सेवा □181 वीमेन हेल्पलाइन □101अग्निशमन सेवा के बारे में जानकारी दी गई व जागरूक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम का विवरण----**

1उ0नि0 श्री राम सेवक प्रसाद
2.हे0क0 विजय गुप्ता, रविकांत गौड
3.क0 सत्य प्रकाश यादव, जय सिंह यादव
4.म0आ0 किरन यादव, रूबी गौतम

# प्रेस नोट दिनांक 17.10.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**मिशन शक्ति अभियान फेज 6.0 के तहत महिला मिशन केंद्र व जन चौपाल थाना ख़ेसरहा की टीम द्वारा थाना पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र पर नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, नये कानून ,साइबर अपराध सुरक्षा व एंटी रोमियो व शक्ति दीदी (सास-बहु सम्मेलन) अभियान के तहत बालिकाओं व महिलाओं को जागरूक किया गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 17.10.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी बांसी शुबेंदु सिंह तथा प्रभारी निरीक्षक राम कृष्ण मिश्र थाना खेसरहा के निर्देशन में मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत महिलाओं के सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु शारदीय नवरात्रि 2026 में मिशन शक्ति अभियान फेज 6.0 प्रचलित अभियान में दिनांक 17.10.2026 को स्पेशल पिंक समाधान दिवस / मिशन शक्ति तहसील दिवस का आयोजन कर उसमें महिलाओं की समस्याओं को मिशन शक्ति केंद्र पर बुलाकर सुना गया तथा किसी भी प्रकार कोई भी दिक्कत परेशानी होती है तो मिशन शक्ति केंद्र पर आकर या मिशन शक्ति केंद्र के सीयूजी नंबर 9454408274 पर अपनी समस्या को अवगत करा सकती है तथा थाना क्षेत्र के ग्राम भलूहा, ग्राम कोहड़ी,ग्राम विशुनपुरवा में महिलाये व बलिकाए उपस्थित हुए जिन्हे महिला सम्बन्धित नये कानून व महिला सम्बन्धित अपराध, साइबर अपराध जागरूकता,नये कानून कार्यक्रम के तहत उपस्थित उपरोक्त महिला सशक्तिकरण सम्बन्धित बातों को बताते हुए मिशन शक्ति फेज 6.0 कार्यक्रम के अंतर्गत निम्न हेल्पलाइन नंबर, महिला से सम्बन्धित कानूनो के बारे मे जानकारी देते हुए। उपस्थित महिलाओं व बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत्त किये गये कल्याणकारी योजनाओं व विधियों व

↪ विभिन्न हेल्पलाइन नंबर- ☐112-पुलिस आपातकालीन सेवा ☐1090- वूमेन पावर हेल्पलाइन ☐108-एंबुलेंस सेवा ☐1930-साइबर अपराध हेल्पलाइन ☐1098-चाइल्ड हेल्पलाइन ☐102-स्वास्थ्य सेवा के बारे में जानकारी दी गई व जागरूक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना खेसरहा टीम**

1.उ.नि.श्री जियाउल्लाह सिद्दीकी, चंद्रिका प्रसाद मौर्य

2.आरक्षी श्री प्रकाश

3.म.का.अंजली यादव, कुमकुम वर्मा, गुंजन सेन

# प्रेस नोट दिनांक 17.10.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना एएचटी पुलिस द्वारा मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान के सहयोग से राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसौनी में लघु फ़िल्म स्क्रीनिंग के माध्यम व ग्राम बसौनी के बच्चो द्वारा बाल विवाह की रोकथाम थाम पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन कराकर बाल विवाह एवं अन्य कुरीतियों के सम्बंध में जागरूक किया गया।**

मिशन शक्ति फेज 6.0, के तहत आज दिनाँक 17/10/2026 को वरिष्ट पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन के निर्देसन व अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी विश्वजीत सौरयान एएचटी थानाध्यक्ष रविन्द्र सिंह के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 6.0 के अन्तर्गत महिलाओं के सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु शारदीय नवरात्रि 2026 में मिशन शक्ति अभियान फेज 6.0 प्रचलित अभियान में दिनांक 17.10.2026 को मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान के सहयोग से राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसौनी में लघु फ़िल्म स्क्रीनिंग के माध्यम से एवं गावं की महिलाओं को बसौनी गावं के दुर्गा पूजा पण्डाल में विद्यालय के बच्चो द्वारा बाल विवाह की रोकथाम थाम पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन कराकर बाल विवाह, बालश्रम एवं अन्य कुरीतियों के सम्बंध में जागरूक किया गया।

**जागरूकता कार्यक्रम टीम में-**

1.एएचटी थानाध्यक्ष श्री निरीक्षक रविन्द्र सिंह
2.महिला मुख्य आरक्षी
3.आ. आशुतोष सिंह
4.मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान के डिस्टिक लीड प्रसून शुक्ला
5.मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान के जिला सलाहकार जय प्रकाश गुप्ता।
6. प्रिंसिपल विभा चतुर्वेदी व अन्य अध्यापकगण

# प्रेस नोट दिनांक 17.10.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना खेसरहा पुलिस ने 03 नफर वारन्टी को गिरफ्तार कर भेजा माननीय न्यायालय**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद*अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व शुबेन्दु सिंह क्षेत्राधिकारी बाँसी के कुशल पर्यवेक्षण रामकृष्ण मिश्र प्रभारी निरीक्षक थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत 03 नफर वारन्टी वाद संख्या 48/14 धारा 323,504 IPC से सम्बन्धित वारन्टी बैजनाथ पुत्र जवाहिर निवासी महुईनानकार थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर, वाद संख्या 159/21 धारा 323,504 IPC से सम्बन्धित वारन्टी राजदेव पुत्र श्यामलाल व रवि पुत्र राजदेव निवासी कलनाखोर थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण:-***

1. बैजनाथ पुत्र जवाहिर निवासी महुईनानकार थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर
02.राजदेव पुत्र श्यामलाल निवासी कलनाखोर थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर
03.रवि पुत्र राजदेव निवासी कलनाखोर थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर

**गिरफ्तार करने वाले अधिकारी/कर्मचारीगण**

1. उ0नि0 आशुतोष कुमार शुक्ल थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।
2. का0 अवनीश राय थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर ।
3. का0 अखिलेश यादव थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर ।

# प्रेस नोट दिनांक 17.10.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆ स्व0रामा देवी कौशल इंटर कॉलेज की मेधावी छात्रा "आशा" बनी एक दिवस की थानाध्यक्ष मोहाना उपस्थित छात्राओ को थाना परिसर मे होने वाले पुलिस कार्यप्रणाली के बारे मे बताया व दिखाया गया।**

'मिशन शक्ति' अभियान फेज 6.0 के तहत आज दिनांक 17.10.2026 को महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय विद्यालय स्व0रामा देवी कौशल इंटर कॉलेज की मेधावी छात्रा "आशा"को सांकेतिक रूप से थाना अध्यक्ष (SHO) की जिम्मेदारी सौंपी गई। थाना अध्यक्ष की कुर्सी संभालने के बाद छात्रा "आशा" ने पुलिस की दैनिक कार्यप्रणाली को करीब से देखा। इस दौरान उन्होंने थाने में आए फरियादियों की समस्याओं को सुना और उनके त्वरित निस्तारण के लिए मातहत अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस गतिविधि का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में आत्मविश्वास की भावना जगाना और उन्हें कानून एवं व्यवस्था के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के तहत विद्यालय की अन्य बालिकाओं को भी थाने में आमंत्रित किया गया था। पुलिस अधिकारियों द्वारा इन बालिकाओं को पुलिस की पूरी कार्यप्रणाली (Policing Process) के बारे में विस्तार से समझाया गया तथा उपस्थित छात्राओ को महिला अपराध, साइबर अपराध से बचाव के बारे मे जानकारी दी गयी।

# प्रेस नोट दिनांक 17.10.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆ "आपरेशन कन्विक्शन" के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना बांसी पुलिस की प्रभावी पैरवी से मारपीट के 03 आरोपियो को न्यायालय उठने तक की सजा व ₹ 2000-2000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।**

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे "आपरेशन कन्विक्शन" के तहत डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में दिनांक 08.10.2026 को एनसीआर नं0 09/2014 धारा 323,504,506 भादवि थाना बांसी में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश श्री धर्मेन्द्र कुमार भारती, न्यायालय जे0एम0 बांसी जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्तगण 01-लल्लन पुत्र चुन्नीलाल, 02-श्रीमती मालती देवी पत्नी लल्लन, 3- इन्द्रावती देवी पत्नी छक्कन निवासी गोनहाडीह थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर को न्यायालय उठने तक की सजा व ₹ 2000-2000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अभियोजक संदीप सिंह तथा न्यायालय पैरोकार आरक्षी उधम सिंह थाना बांसी का सराहनीय योगदान रहा।

# प्रेस नोट दिनांक 17.10.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆ "आपरेशन कन्विक्शन" के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना बांसी पुलिस की प्रभावी पैरवी से मारपीट के 03 आरोपियो को न्यायालय उठने तक की सजा व ₹ 2000-2000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।**

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे "आपरेशन कन्विक्शन" के तहत डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में दिनांक 08.10.2026 को वाद सं0- 1318/2009 एनसीआर नं0 81/2008 धारा 323,504,506 भादवि थाना बांसी में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश श्री धर्मेन्द्र कुमार भारती, न्यायालय जे0एम0 बांसी जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्तगण 01- श्रीमती कलावती पत्नी कृष्णचन्द्र पाण्डेय, 02-धर्मराज पुत्र कल्लू, 3- रामप्रताप पुत्र शोहरत निवासी खरिका पाण्डेय थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर को न्यायालय उठने तक की सजा व ₹ 2000-2000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अभियोजक संदीप सिंह तथा न्यायालय पैरोकार आरक्षी उधम सिंह थाना बांसी का सराहनीय योगदान रहा।

# प्रेस नोट दिनांक 17.10.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**नवरात्रि एवं दुर्गा पूजा के दृष्टिगत जनपद में सुरक्षा, शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष तथा चौकी प्रभारी द्वारा अपने-अपने थाना और चौकी क्षेत्रों में पुलिस बल के साथ व्यापक स्तर पर पैदल गश्त की गई और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक श्री प्रशान्त कुमार प्रसाद के मार्गदर्शन में नवरात्रि और दुर्गा पूजा के पावन पर्व को जनपद में सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए सिद्धार्थनगर पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। इसी क्रम में आज दिनांक 17.10.2026 को जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षकों, थानाध्यक्षों तथा चौकी प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना और चौकी क्षेत्रों में पुलिस बल के साथ व्यापक स्तर पर पैदल गश्त की गई और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए जनपद के सभी प्रमुख चौराहों, बाजारों, भीड़-भाड़ वाले इलाकों और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल द्वारा पैदल गश्त कर कड़ी निगरानी रखते हुए क्षेत्र में स्थापित विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों व प्रतिमा स्थलों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान संबंधित पूजा समितियों के पदाधिकारियों से संवाद स्थापित कर आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। साथ ही साथ सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों के तहत शहर और ग्रामीण क्षेत्रों की प्रमुख सर्राफा दुकानों के मालिकों व दुकानदारों से वार्ता की गई, उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया तथा सतर्क रहने की अपील की गई। गश्त के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों, असामाजिक तत्वों, वाहनों और लावारिस वस्तुओं की गहनता से चेकिंग की गई ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। इस व्यापक अभियान का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों के मन में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना और त्योहारों के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना है।

# प्रेस नोट दिनांक 17.10.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा थाना चिल्हिया पुलिस के साथ त्यौहार शारदीय नवरात्रि/दूर्गा पूजा, दशहरा के दृष्टिगत, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु थानाक्षेत्र के कस्बा चिल्हिया में पैदल गश्त किया गया।**

आज दिनांक 17.10.2026 को मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा थाना चिल्हिया पुलिस के साथ त्यौहार शारदीय नवरात्रि/दूर्गा पूजा, दशहरा के दृष्टिगत, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु थानाक्षेत्र के कस्बा चिल्हिया में पैदल गश्त किया गया तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी। इस दौरान पवन कुमार मौर्या थानाध्यक्ष चिल्हिया व थाना चिल्हिया के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।

# प्रेस नोट दिनांक 17.10.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज द्वारा थाना डुमरियागंज पुलिस के साथ त्यौहार शारदीय नवरात्रि/दूर्गा पूजा, दशहरा के दृष्टिगत, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु थानाक्षेत्र के कस्बा डुमरियागंज में पैदल गश्त किया गया।**

आज दिनांक 17.10.2026 को बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज द्वारा थाना डुमरियागंज पुलिस के साथ त्यौहार शारदीय नवरात्रि/दूर्गा पूजा, दशहरा के दृष्टिगत, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु थानाक्षेत्र के कस्बा डुमरियागंज में पैदल गश्त किया गया तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी। इस दौरान श्रीप्रकाश यादव प्रभारी निरीक्षक डुमरियागंज व थाना डुमरियागंज के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।